हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 34 .5 डिग्री
न्यूनतम 20 .1 डिग्री

11 अफसरों से दिव्यांग ने व्हीलचेयर उपलब्ध ...



12 महम के कई गांवों में तालाब ऑवरफ्लो गलियों में ...



## खबर संक्षेप

### प्रोफेसर शालिनी सिंह बनीं सीएलएएस की निदेशिका

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने मनोविज्ञान विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. शालिनी सिंह को सेंटर फॉर लाइफ स्किल्स एंड साफ्ट स्किल्स (सीएलएएस) की निदेशिका मनोनीत किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि इमसॉर की प्रोफेसर डॉ. दिव्या मल्हान को सीएलएएस का एडिशनल डायरेक्टर, यूआईईटी के टीपीओ डॉ. अरुण कुमार हुड्डा तथा एमडीयू-सीपीएएस, गुरुग्राम की डॉ. निधि को डिप्टी डायरेक्टर लगाया गया है।

### प्रो. सोनिया सीआईआईई की निदेशिका बनी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने यूआईईटी की प्रोफेसर डॉ. सोनिया को सेंटर फॉर इनोवेशन, इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेंयोरशिप (सीआईआईई) की निदेशिका मनोनीत किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि आईएचटीएम के निदेशक प्रो. आशीष दहिया व इमसॉर की प्रो. सीमा सिंह को एडिशनल डायरेक्टर, सीआईआईई, यूआईईटी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दीपक छाबड़ा को डिप्टी डायरेक्टर तथा यूआईईटी के सहायक प्रोफेसर डॉ. विपिन सैनी को सीआईआईई का असिस्टेंट डायरेक्टर लगाया गया है। अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर तुरंत प्रभाव से दिए गए हैं।

### 15 शोधार्थी पीएचडी डिग्री के पात्र घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने परीक्षकों के बोर्ड तथा शोध समिति की अनुशंसा पर 15 शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि पीएचडी डिग्री के पात्र शोधार्थी हैं फार्मेसी से रश्मि शाह, फिजिक्स से आशिमा मखीजा, गणित से योगिता, पर्यावरण विज्ञान विभाग से प्रियंका, बायोटेक्नोलोजी से विशाली अहलावत, जेनेटिक्स से मनोज यादव, समाजशास्त्र से प्रवीन कुमार, अर्थशास्त्र से सोनी, लोक प्रशासन से नितिन सिवाच, एजुकेशन से पिंकी, मैनेजमेंट से इब्राहिम मोहम्मद, रिदिमा गोयल तथा प्रीति, लॉ से मानवेन्द्र सिंह तथा हिमांशु सिंह।

### मदविः समेस्टर परीक्षा परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने एमए इकोनॉमिक्स आनर्स पंचवर्षीय के प्रथम व तीसरे समेस्टर की री-अपीयर, बीकॉम पास, आनर्स व वोकेशनल के पांचवें सेमेस्टर की री-अपीयर तथा छठे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### प्रो. अंजलि बनीं महिला अध्ययन केंद्र की निदेशिका

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डा. अंजलि मलिक को महिला अध्ययन केन्द्र की निदेशिका मनोनीत किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि कॉमर्स विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सीमा राठी को महिला अध्ययन केन्द्र की डिप्टी डायरेक्टर लगाया गया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**सांपला।** नई अनाज मंडी के सामने सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई के शवगृह में रखवा दिया है। गुरुवार की सुबह लोगों ने मंडी के बाहर सड़क पर एक शव पड़ा देखा। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान कराने का प्रयास किया।

### राजस्थान के चुरू में जगुआर विमान हादसे में शहीद हो गया था शहर का लाल, सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि

# स्क्वाड्रन लीडर लोकेंद्र सिंह सिंधु को अंतिम विदाई देने उमड़ा शहर, अमर रहे के नारे गूंजे

*तिरंगा सौंपने पर पत्नी डॉ. सुरभि भावुक हो गईं*

*एक महीने के बेटे अभिद्वत ने श्मशान घाट पर पिता के अंतिम दर्शन किए*

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

राजस्थान के चुरू में बुधवार को हुए जगुआर विमान हादसे में शहीद हुए इंडियन एयरफोर्स के स्क्वाड्रन लीडर लोकेंद्र सिंह सिंधु का गुरवार को राजकीय सम्मान के साथ शीला बाईपास स्थित रामबाग श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके एक माह के बेटे अभिद्वैत सिंह और उनके बड़े भाई ज्ञानेंद्र सिंधु ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनकी अंतिम यात्रा में पूरा शहर उमड़ पड़ा। लोगों की आंखें नम हो गई।

### शव देव कॉलोनी लाया गया

वीरवार को लोकेंद्र सिंधु का पार्थिव शरीर गोधूली के समय हिंडन एयरबेस से सड़क के रास्ते देव कॉलोनी लाया गया। शाम को साढ़े छह बजे के बाद इनके आवास से स्क्वाड्रन लीडर लोकेंद्र की अंतिम यात्रा शुरू हुई। अंतिम रस्में करने से पहले एयरफोर्स के अधिकारियों ने लोकेंद्र की वर्दी और दूसरा सेना का समान पत्नी डॉ. सुरभि को सौंपा। इसके बाद वायुसेना के वाहन में रखा शव सात बजे के बाद मंथर गति से शीला बाईपास स्थित रामबाग श्मशान घाट के लिए रवाना हुआ। पौने आठ बजे लोकेंद्र के भाई ने उन्हें मुखाग्नि दी। इनके साथ पिता जोगेंद्र सिंह भी मौजूद थे।

### सुरभि नहीं रोक पाई अश्रु

पिता लोकेंद्र को अंतिम विदाई देने के लिए जब एक महीने के बेटे अभिद्वत को शमशान घाट लाया गया तो वहां मौजूद हजारों लोगों की आंखों में अश्रुधारा फूट पड़ी। जब अंतिम संस्कार किया जा रहा था तो अभिदवैत को वायु सेना का जवान नवनीत सिंह अपनी गोद में लिया हुआ था। ध्यान रहे कि अभिदवैत का जन्म गत 10 जून को ही हुआ है। पति को सदा-सदा के लिए विदा कहने के लिए पत्नी डॉ. सुरभि भी शमशान घाट पहुंची थी। हरियाणवी समाज में बहुत ही कम ऐसे मामले होते हैं, जब महिला अपने पति को अंतिम विदाई देने के लिए श्मशान घाट पहुंचती हो। लेकिन डॉ. सुरभि पहुंचीं। हौसला भी रखा। जब अंतिम दर्शन कर रही थी तो खुद को रोक न सकी और फूट पड़ी। शहर के हीरो को अंतिम विदाई में देने के लिए घाट पर हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और अमर रहे के नारे लगाए।

**सेना के अधिकारी पुष्प अर्पित करते हुए**



**पत्नी डॉ. सुरभि को तिरंगा सौंपते अधिकारी**



### हर कोई दुःख में शरीक



पायलट बेटे, भाई को अलविदा कहने के लिए रिश्तेदारों, नजदीकियों के अलावा अंजान व्यक्ति भी इस मौके पर मौजूद रहे। मंगलवार दोपहर को जब लोकेंद्र की मृत्यु होने की सूचना मिली थी तो लोग उनके देव कॉलोनी स्थित आवास पर जमावड़ा लग गया था। ध्यान रहे कि पायलट लोकेंद्र ने गत मंगलवार 9 जून की दोपहर सूरतगढ़ एयरबेस से फाइटर प्लेन में सहयोगी सह पायलेट के साथ उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के बाद जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया और दोनों पायलेट शहीद हो गई।

### सेना की टुकड़ी ने हवा में फायरिंग कर सलामी दी

प्रशासन की तरफ से बताया गया है कि शहीद पायलट स्क्वॉड्रन लीडर लोकेंद्र सिंह सिंधु का शीला बाईपास स्थित रामबाग श्मशान घाट में पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। मुखाग्नि लोकेंद्र के भाई ने दी। इससे पूर्व पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए देव कॉलोनी स्थित उनके आवास पर रखा गया था। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सेना की टुकड़ी ने हवा में फायरिंग कर शहीद को अंतिम सलामी भी दी। अंतिम यात्रा में शहीद लोकेंद्र सिंह सिंधु अमर रहे के नारे गूंजते रहे। अंतिम यात्रा में सैकड़ो लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, रोहतक के एसडीएम आशीष कुमार, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजवीर सिंह व जिला सैनिक बोर्ड की सचिव गौरिका सुहाग ने भी पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद को श्रद्धांजलि दी।

**मुखाग्नि के समय उमड़ा हुजूम**



**रोहतक।** स्क्वाड्रन लीडर लोकेंद्र सिंह सिधु की पार्थिव शरीर को मुखाग्नि के समय शहर के हजारों लोगों की उमड़ी भीड़। फोटो : हरिभूमि

### डीएलसी सुपवा के कुलपति डॉ. अमित आर्य ने कहा

## विद्यार्थी केवल नौकरी खोजने वाले न रहें, बल्कि नौकरी देने वाले बनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी सुपवा) के कुलपति डॉ. अमित आर्य ने कहा है कि विद्यार्थी केवल नौकरी खोजने वाले न रहें, बल्कि स्वयं नौकरी देने वाले भी बनें। वे वीरवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, आगामी पहल तथा भविष्य की योजनाओं को लेकर जानकारी दी। उन्होंने फिल्म एवं टेलीविजन विभाग के पूर्व बैचों के लंबित शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रोजेक्ट्स को पूर्ण कराने पर बल दिया। इन कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए उपकरणों की खरीद, लॉजिस्टिक समर्थन और आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति हेतु कई महत्त्वपूर्ण स्वीकृतियां पहले ही दी जा चुकी हैं। छात्रों को उनके अधूरे कार्य पूरे करने के लिए सक्षम बनाना हमारा दायित्व है। उनका कार्य ही उनका पोर्टफोलियो है और हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि उनके पास संसाधन और सहयोग दोनों उपलब्ध हों। रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक ने सभी पत्रकारों की उत्साही भागीदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, आज मीडिया सहयोगियों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि डीएलसी सुपवा ने समाज में विश्वास और रुचि अर्जित की है। यह संवाद हमारे संस्थागत पारदर्शिता और जनसंपर्क की प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करता है। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ शिक्षकगण एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते दादा लख्मी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी सुपवा) के कुलपति डॉ. अमित आर्य। फोटो : हरिभूमि

### भूकंप का केंद्र झज्जर जिले के गांव खेड़ी खातीवास होने की वजह से झटके तेज लगे

## सुबह 9.4 बजे लगे 4.4 तीव्रता के भूकंप झटके, कई मकानों में दरार, भय की वजह से लोग बाहर निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बुधवार सुबह नौ बजकर 4 मिनट पर रोहतक क्षेत्र में लोगों ने करीब दस सेकेंड भूकंप झटके महसूस किए। झटकों की तीव्रता 4.4 दर्ज की गई है। भूकंप का केंद्र झज्जर जिले का गांव खेड़ी खातीवास था। हालांकि जलजले से किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। लेकिन कई जगह मकानों में दरार देखने को मिली। लोगों में भूकंप की वजह से कुछ समय के लिए दहशत बनी रही और वह मकानों से बाहर आ गए। बीते छह महीने में दिल्ली और एनसीआर में तीसरी बार भूकंप आया है। इससे पहले 19 अप्रैल और 17 फरवरी को भी आया था। भू वैज्ञानिकों के मुताबिक धरती की सतह मुख्य तौर पर 7 बड़ी और कई छोटी-छोटी टेक्टोनिक प्लेट्स से मिलकर बनी है। ये प्लेट्स लगातार तैरती रहती हैं और कई बार आपस में टकरा जाती हैं। टकराने से कई बार प्लेट्स के कोने मुड़ जाते हैं और ज्यादा दबाव पड़ने पर ये प्लेट्स टूटने लगती हैं। ऐसे में नीचे से निकली ऊर्जा बाहर की ओर निकलने का रास्ता खोजती है और इस डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। गांव कटेसरा में कई मकानों में दरार आई है। ग्रामीणों ने बताया कि आज सुबह आए भूकंप के दौरान कई बार झटके लगे, जिसकी वजह से नुकसान हुआ है। भूकंप के बाद उनके मकानों में दरार देखने को मिली। ग्रामीणों ने बताया कि आज सुबह जैसे ही भूंकप आया लोग घबरा कर बाहर की तरफ भागे। कुछ देर तक भूकंप के झटके महसूस किए जाते रहे। ग्रामीणों ने बताया कि बलजीत, इंद्र सिंह, उमेद के मकानों में दरारें आई हैं। इसके अलावा गांव के मंदिर में भी दरार आने से नुकसान हुआ है। ग्रामीण भूकंप की वजह से हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन से भी मिलेंगे।







**रोहतक।** कटेसरा में भूकंप के बाद आई कई मकानों में दरार। फोटो : हरिभूमि

**पहल** गांव पाकस्मा की पीएचसी में 21 पौधे लगाकर किया मुहिम का आगाज

## गुरु पूर्णिमा पर रोहतक की बेटियों ने शुरू किया 'एक पेड़ गुरु के नाम' अभियान

*अगली गुरु पूर्णिमा तक 51000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा*

- स्वामी नितानन्द मिशन फाउंडेशन भी अभियान में करेगा सहयोग
- पौधों के लिए बेटियों ने ही जुटाया फंड, स्कूलों में भी लगाए जाएंगे पौध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गुरु एक विशाल वट वृक्ष की तरह होते हैं, जिनकी छत्र छाया में नन्हे पौधे रूपी बच्चे अपना भविष्य संवारते हैं। वे अपने शिष्यों को शिक्षा, सुरक्षा, आश्रय और मार्गदर्शन देते हैं। जैसे एक पेड़ की छाया धूप से बचाती है, वैसे ही गुरु की छत्रछाया में शिष्य, ज्ञान और आध्यात्मिक विकास का उदय होता है। गुरुवार को गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर रोहतक की बेटियों ने गांव पाकस्मा में 'एक पेड़ गुरु के नाम' अभियान की शुरुआत की। इस अभियान की शुरूआत मास्टर बलबीर सिंह राणा (हेडमास्टर) की पौत्री नेहा राणा ने उनकी याद में गांव की पीएचसी में 21 पौधे लगाकर की। इस अभियान में नेहा का साथ दे रही हैं सोनवी, कशिश, कोमल और अनिता। इनका लक्ष्य अगली गुरुपूर्णिमा तक 51,000 पौधे रोपित करने का है। ये पौधे विभिन्न गांवों के स्कूलों, पीएचसी, सीएचसी और खाली पड़ी पंचायती जमीन पर लगाए जाएंगे। इस महाअभियान में स्वामी नितानन्द मिशन फाउंडेशन भी सहयोग करेगा।





### मास्टर बलबीर का बच्चों को पढ़ाने में अहम योगदान रहा

मास्टर बलबीर सिंह राणा का गांव के विकास और बच्चों रूपी भविष्य को सुधारने में अहम योगदान रहा है। वे स्कूल में हेडमास्टर रहे और बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई। पाकस्मा की पीएचसी में पौधरोपण के समय गांव के सरपंच जयभगवान, पूर्व सरपंच सुखबीर सिंह, सतीश जांगड़ा, जंगजीत जांगड़ा, डॉ. जितेंद्र सिंह राणा, पीएचसी की डेंटिस्ट डॉ. पूजा, फारमासिस्ट डॉ. रविद्रन, अनिता देवी, एलटी सोमबीर और अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### पौधे लगाने से पर्यावरण साफ होगा, शुद्ध हवा मिलेगी

गांव के सरपंच जयभगवान ने बताया कि पीएचसी में फल और छायादार पौधे लगाए गए हैं। इससे लोगों को स्वच्छ ऑक्सीजन मिलेगी और स्वास्थ्य बेहतर होगा। ये पौधे बड़े होकर फल भी देंगे। इस मौके पर मास्टर बलबीर के पुत्र जितेंद्र राणा और पौत्री नेहा राणा ने बताया कि उन्होंने गुरु पूर्णिमा के मौके 'एक पेड़ गुरु के नाम' मुहिम की शुरूआत की है। अब इस मुहिम को प्रदेश स्तर पर चलाया जाएगा। अन्य गांवों के स्कूलों व पीएचसी/सीएचसी सेंटरों में अधिकारियों और गांव के सरपंचों के साथ बात कर पौधे लगाए जाएंगे। हमारा लक्ष्य अगले साल गुरु पूर्णिमा तक प्रदेशभर में 51,000 पौधे रोपने का है।

### जटेलाधाम करेगा सहयोग

नेहा ने बताया कि इस अभियान यह फाउंडेशन प्रदेश में एक लाख से अधिक पौधे और करीब 10,000 त्रिवेणी रोपित कर चुकी है। स्वामी नितानन्द मिशन फाउंडेशन, जटेलाधाम दूबलधन माजरा-2 के महंत राजेंद्र दास जी महाराज भी सहयोग करेंगे। जटेलाधाम प्रदेश में अब तक लाखों पेड़ और हजारों त्रिवेणी लगा चुका है।

### खेल मंत्री ने मास्टर चांदसिंह अहलावत को किया सम्मानित



- 85 वर्षीय खिलाड़ी ने जीते 6 गोल्ड और 1 सिल्वर पदक

**रोहतक।** हरियाणा मास्टर्स एथलेटिक्स संघ द्वारा पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित पल्लवी होटल में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम रहे। खेल मंत्री ने मास्टर एथलीट चांदसिंह अहलावत को छठी नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप (31 जनवरी से 3 फरवरी 2025, त्रिचुर, केरल) में दो स्वर्ण और एक रजत पदक तथा गोवा में 31 मई से 1 जून 2025 तक हुई प्रतियोगिता में चार स्वर्ण पदक जीतने पर सम्मानित किया। उन्होंने चांदसिंह को मैडल पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनके जुनून, अनुशासन और फिटनेस की सराहना करते हुए उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणा बताया। 85 वर्ष की उम्र में भी नशे से दूर और पूरी तरह फिट चांदसिंह अहलावत ने इस उम्र में खेल के प्रति जो समर्पण दिखाया, वह उल्लेखनीय है। समारोह में अजय मित्तल सहित अनेक खेल प्रेमी भी मौजूद रहे। चांदसिंह अहलावत मूल रूप से गांव डीघल, जिला झज्जर के निवासी हैं।

# बनो अवेयर रहो सेफ



बच्चों से जुड़े अपराध आए दिन सुनने में आते हैं। इसलिए पापा-मम्मी और घर के सभी बड़े सदस्यों को हमेशा तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। सेफ्टी के लिए तुम्हें बहुत-सी बातें भी बताते हैं। इस मामले में तुम्हें स्वयं भी थोड़ा अवेयर-अलर्ट रहना चाहिए। तुम थोड़ी समझदारी और साहस से काम लेकर हमेशा सेफ रह सकते हो।



सजेशन
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, तुम्हारे मम्मी-पापा और घर के अन्य सभी बड़े मेंबर्स को तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। तुम्हारी सेफ्टी के लिए ये सभी अपनी ओर से हर बात का ध्यान तो रखते ही हैं, तुम्हें बहुत-सी बातें समझाते भी रहते हैं। लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए तुम्हारा खुद भी अवेयर रहना जरूरी है। स्कूल कैंपस, नेबरहुड (आस-पड़ोस) और अपने घर में भी, हर जगह तुम्हें कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

### समझो सेफ्टी का मतलब

सेफ्टी का मतलब सिर्फ गिरने-पड़ने या चोट लगने से बचना भर नहीं होता। हमारे आस-पास बहुत-सी चीजें और परिस्थितियां असुरक्षित माहौल बना देती हैं। ऐसे में सावधान और सतर्क रहना बहुत जरूरी है। अनजान लोगों के लिए घर का दरवाजा खोल देना, बिना बताए घर से कहीं जाना, इस तरह की आदतें तुम्हारी सेफ्टी के लिए खतरा हो सकती हैं। अनसेफ चीजों, जैसे- रसोई गैस, इलेक्ट्रिक स्विच, नुकीली चीजों आदि को छेड़ना हार्मफुल हो सकता है। लिफ्ट में आते-जाते या बस में ट्रैवल करते समय दिए गए इंस्ट्रक्शंस को ना मानना तुम्हारे लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं। सेफ रहने का मतलब है, किसी भी खतरे में ना पड़ना, हमेशा सावधान-सतर्क रहना।


### करो अपने को प्रोटेक्ट

बच्चो, इस बात को समझो कि तुम्हारी सेफ्टी के लिए सिर्फ बड़ों का तुम पर ध्यान देना ही काफी नहीं। किसी भी मुसीबत या मुश्किल से अपने आपको प्रोटेक्ट करने के लिए, सेफ रहने के लिए तुम्हारा खुद अलर्ट रहना भी जरूरी है। अपनी सेफ्टी-सिक्योरिटी के लिए तुमको भी कॉन्शस रहना चाहिए।

### प्राइवेसी का रखो ध्यान

बच्चो, इन दिनों तुम अकसर 'प्राइवेसी' और 'साइबर सिक्योरिटी' जैसे शब्द सुनते होगे। तुमने मम्मी-पापा या किसी बड़े को डिवाइस या एप्लिकेशन पर डेटा की सेफ्टी के लिए प्राइवेसी सेटिंग करते देखा होगा। असल में यह प्राइवेसी या सिक्योरिटी केवल स्मार्ट गैजेट्स के लिए नहीं होती। नॉर्मल लाइफ में भी हमारा प्राइवेसी को लेकर अलर्ट रहना जरूरी है। अगर कभी पापा-मम्मी और घर के बाकी लोग कहीं बाहर गए हों और तुम घर में अकेले हो तो ऐसे में घर में अकेले रहने की बात तुम दूसरों को कभी नहीं बताओ। पैरेंट्स के फोन में आए कोड या ओटीपी को उनसे पूछे बिना किसी से शेयर नहीं करो। अपने परिवार की हॉलिडे प्लानिंग के बारे में दूसरों को नहीं बताओ। ऐसी कई बातें तुम्हारी सेफ्टी से गहराई से जुड़ी होती हैं। कुछ बुरे लोग तुम्हारी या तुम्हारी फैमिली की इंफॉर्मेशन लेकर अपने गलत इरादों को पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं। इसीलिए इन मामलों में तुम्हें सावधानी बरतनी चाहिए। घर की बातें, पर्सनल इंफॉर्मेशंस बाहर न बताने की समझ तुम्हें और तुम्हारी फैमिली को सिक्योर रखेगी।





### जानो गुड टच-बैड टच के बारे में

घर में अकेले रहो या किसी रिलेटिव के यहां जाओ। कोई एक्टिविटी क्लास हो या स्कूल बस में आते-जाते। प्ले एरिया हो या किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी। कहीं भी, किसी का भी टच करना अगर तुम्हें अनकंफर्टेबल करता है, तो घर में अपने मम्मी-पापा को जरूर बताओ। ऐसे लोगों से दूर ही रहो, जिनके साथ तुम अनकंफर्टेबल या इनसिक्योर फील करते हो। अजनबी लोग ही नहीं, कई बार रोज मिलने वाले, अकसर तुम्हारे घर आने-जाने वाले लोग भी तुम्हें मिसगाइड कर सकते हैं। तुम्हें उनकी बातों में बिल्कुल नहीं आना है।

### याद रखो, लालच बुरी बला है

बच्चो, हमेशा याद रखो कि लोग लालच देकर भी तुम्हें कहीं बुलाने का प्रयास कर सकते हैं। खाने-पीने या किसी खिलौने के लालच में आकर कभी किसी के साथ नहीं जाना है। हर चॉकलेट देने वाले अंकल-आंटी अच्छे नहीं होते हैं। कोई यूं लालच देकर कहीं बुलाने की कोशिश करे तो मम्मी-पापा को जरूर बताओ। कभी कोई तुम्हें डराने की कोशिश भी कर सकता है। ऐसे में डरने के बजाय तुम अपने घर में बात करो। अगर तुमसे कोई गलती भी हुई है तो अपने बड़ों से सब बातें बताओ।

ऊपर बताई गई सभी बातें तुम्हारी सेफ्टी के लिए बहुत जरूरी हैं। इसलिए पूरी अवेयरनेस के साथ उन बातों को समझो और इन्हें अमल भी लाओ। कभी किसी विपत्ति से घिरो तो डरो नहीं, इसका मुकाबला समझदारी और साहस से करो। *

छोटी कहानी / उषा शर्मा

शेर, गप्पू गधे को खाने के चक्कर में था, लेकिन गप्पू ने बड़ी समझदारी से काम लिया, जिससे शेर बुरी तरह मात खाया।

# समझदार गधा!

गप्पू गधा मैदान में हरी-हरी घास खाकर मस्त घूम रहा था। तभी सामने से एक शेर आता नजर आया, जो उसी की ओर चला आ रहा था। गप्पू को कुछ सूझ नहीं रहा था, वह क्या करे? पहले तो वह घबरा गया फिर उसे एक युक्ति सूझी। वह एक पैर से लंगड़ा-लंगड़ा कर चलने लगा।

शेर ने पास आकर गप्पू से पूछा, 'क्यों भाई, क्या हुआ, ठीक से क्यों नहीं चल पा रहे हो?'

'क्या बताऊं भाई, मेरे पैर में बहुत बड़ा कांटा फंस गया है, जो निकल ही नहीं रहा है, इसके कारण चलने में भी परेशानी हो रही है। दर्द भी काफी हो रहा है।' 'कोई बात नहीं, मैं अभी तुम्हें खा जाता हूं, तुम्हारी सारी परेशानी का अंत हो जाएगा।' शेर बोला।

'हां आप खा तो सकते हैं लेकिन मुझे अपनी नहीं, आपकी चिंता है महाराज।' गधे ने शांत स्वर में कहा। 'वह क्यों?' शेर ने पूछा। 'अरे, मेरे दाहिने पैर में बहुत बड़ा मोटा और लंबा कांटा चुभ गया है, जो पैर में फंसा हुआ है। मुझे डर है कि कहीं यह कांटा आपको नुकसान न पहुंचाए, यह कांटा आपके गले में फंस जाए और आपको तकलीफ होगी तो।' गप्पू मुंह बनाकर बोला।

'यह भी सही है, ऐसा करते हैं कि पहले मैं तुम्हारे पैर से कांटा निकाल देता हूं फिर तुम्हें खा लूंगा, जिससे तुम्हारा दर्द भी खत्म हो जाएगा और मुझे नुकसान भी नहीं होगा। ठीक है, अभी तुम जिस पैर में कांटा लगा है, वह पैर थोड़ा ऊपर करके खड़े हो जाओ।' कहते हुए शेर, गप्पू गधे के पीछे खड़ा हो गया।



जैसे ही गप्पू ने खड़े होकर अपना दायां पैर उठाया और शेर उसके पैर में फंसे कांटे को निकालने की कोशिश में लगा कि गप्पू ने शेर के मुंह पर जोर से अपनी लात मारी। शेर बुरी तरह तिलमिला गया। उसके मुंह और नाक से खून बहने लगा। शेर दर्द से बिलबिला उठा। उधर गप्पू गधा अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। शेर देखता ही रह गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गुदगुदाती बाल कहानियां

बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले हंसाती-गुदगुदाती अठारह बाल कहानियों की किताब 'लिलिपुट कहानियां' छपकर आई है। इन कहानियों को पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा, क्योंकि इनको खिलंदड़े अंदाज में लिखा गया है। लेकिन हंसाते-गुदगुदाते ही ये कहानियां सरलता से हमें अच्छा इंसान बनने की सीख भी देती हैं। फिर वो चाहे नन्ही जूही की कहानी 'सीख मिल गई' हो, जिसमें वह एक गुब्बारे पर स्केच से आंखें बनाकर उसे खुशी देती है। या फिर 'भविष्य का भूत' कहानी हो, जिसमें एक भूत आकर मनु को दुनिया के सामने आने वाले संकटों के बारे में आगाह करता है। 'दहीवाला, पुलिसवाला' और 'लाल सिंह की बस' पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। 'दहीवाला, पुलिसवाला' कहानी में एक अनोखे दही-फल बेचने वाले का किस्सा है, जो बच्चों के साथ खूब मस्ती-मजाक भरी बातें करता है, जिसे सुनकर बच्चे हंसी से लोटपोट हो जाते हैं। 'स्कूल भाग गया', 'कहानी का पेड़', 'नीली कार चली अकेले-अकेले' और 'चूहा चला स्कूल' फैंटेसी से भरी कहानियां हैं। इसी तरह एक भेड़िए की अकल ठिकाने कैसे आती है, यह तुम 'एक भेड़िए की दुःख भरी कहानी' में पढ़ सकते हो, तो 'जिराफ चला अपनी तलाश में' में तुम एक ऐसे जिराफ की कहानी पढ़ोगे, जिसे खुद नहीं मालूम कि वो क्या चाहता है? एक शेर के बच्चे और नन्हे लड़के शेरू की मासूम सी कहानी है 'दोस्ती-दुश्मनी'। इस किताब की बाकी कहानियां भी बहुत प्यारी हैं। इन सारी कहानियों को तुम अपने दोस्तों के संग भी पढ़कर इनका मजा ले सकते हो। *




**किताब :** लिलिपुट कहानियां, **लेखक :** समीर गांगुली,
**मूल्य :** 280 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली



कहानी
पूर्ति खरे

किसी परेशानी या मुसीबत में फंसने पर हम अकसर घबरा जाते हैं। चारू की स्कूल बस छूट गई तो वह घबरा गई। लेकिन साथ खड़े उसके दोस्त ध्रुव ने उसे समझाया, इस तरह परेशानी में कभी घबराना नहीं चाहिए, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए। चारू को ध्रुव की बात कितनी समझ में आई, क्या वह अपनी परेशानी से उबर पाई?

# परेशानी में मत घबराना




चारू का आज स्कूल में डांस प्रोग्राम था। पहले से ही वह अपने डांस परफॉर्मेंस को लेकर घबराई हुई थी, उस पर उसकी स्कूल बस भी छूट गई। बस छूटने पर वह सड़क पर खड़ी होकर सुबक-सुबक कर रोने लगी। चारू के साथ खड़ा उसका दोस्त ध्रुव बोला, 'अरे! रो क्यों रही हो? स्कूल बस ही तो छूटी है, कौन-सी आफत आ गई। घर चलो, हम अपने पापा के साथ स्कूल चलते हैं।'

'नहीं ध्रुव! अब तो देर हो जाएगी। मेरे डांस का क्या होगा? घर वापस गए तो मम्मी-पापा भी डांटेंगे।' यह कहती हुए चारू सुबक-सुबक कर रोने लगी।

'तो फिर क्या करें, मैं भी तुम्हारी तरह खड़े होकर रोऊं क्या?' ध्रुव अबकी कुछ गुस्से से बोला तो चारू बोली, 'क्यों न हम बस के पीछे तेज दौड़ लगाकर उसे पकड़ लें। बस अभी आगे कई जगह बच्चों को लेने के लिए रुकेगी।'

'तेरा दिमाग खराब है क्या! सड़क पर इस तरह से दौड़ना खतरे भरा काम है। मेरी बात मान, अब देर मत कर और घर चल।' ध्रुव ने चारू का हाथ पकड़ा और उसे घर ले आया। चारू के पापा ने बस छूटने की बात सुनकर तुरंत अपनी कार निकाली। दोनों बच्चो को कार में बैठा कर स्कूल के लिए चल दिए।

चारू अब भी रोए जा रही थी। पापा ने प्यार से समझाया, 'बेटा, हम आराम से टाइम पर स्कूल पहुंच जाएंगे। तुम चिंता मत करो, रोना बंद करो!'

ध्रुव भी तुरंत बोला, 'अंकल, यही बात तो मैं भी कब से इसे समझा रहा हूं। इसकी तो छोटी-छोटी परेशानियों में ऐसे ही रोने की आदत है। मेरे पापा कहते हैं कि मुश्किल समय में घबराकर नहीं, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए।'

'ध्रुव तुम्हारे पापा बिल्कुल सही कहते हैं। घबराहट में हम अकसर गलत और उल्टे-पुल्टे फैसले ले लेते हैं।' चारू के पापा ने ध्रुव की बात का समर्थन किया।

ध्रुव ने अपना एक मुश्किल समय का किस्सा सुनाया, 'पता है चारू! एक बार मैं अपने मम्मी-पापा के साथ मेले में गया था, वहां पर काफी भीड़ थी। गलती से मेरा हाथ मां के हाथों से छूट गया और मैं पीछे रह गया।'

चारू की धड़कनें यह सुनकर बढ़ गईं, वह बोली, 'फिर तुम खो गए?'

ध्रुव ने बताया, 'नहीं चारू, खो जाता तो तुम्हारे साथ स्कूल कैसे जाता। मैं बिना घबराए एक पुलिस अंकल के पास गया, उन्हें मैंने अपने पापा का मोबाइल नंबर बताया। पुलिस अंकल ने नंबर डायल किया, लेकिन पापा का नंबर नेटवर्क प्रॉब्लम के कारण नहीं मिला।'

'फिर...?' चारू को आगे की बात जानने की जिज्ञासा हुई।

'फिर क्या, जहां खोए-बिछड़े लोगों की अनाउंसमेंट हो रही थी, पुलिस अंकल मुझे लेकर वहां पहुंचे और माइक पर अनाउंस करके पापा को उसी जगह पर बुला लिया। पापा मिल गए, बस!' ध्रुव ने हंसते हुए बताया।

चारू के पापा ध्रुव को शाबाशी देते हुए बोले, 'वाह! क्या बात है ध्रुव! अगर परेशानी, मुसीबत में धैर्य और समझदारी से काम लिया जाए तो आसानी से हर मुसीबत से बाहर निकल सकते हैं।'

पापा, ध्रुव की बातें सुनकर चारू सोच रही थी कि स्कूल बस छूटना तो एक छोटी-सी बात है, इतनी-सी बात से वह क्यों घबरा गई, जबकि उसका दोस्त ध्रुव बड़ी मुसीबत में भी नहीं डरा। यह सोचते हुए उसने फैसला लिया कि आगे से वह किसी भी परेशानी से इस तरह घबराएगी नहीं, आराम से उससे निकलने की कोशिश करेगी और हमेशा समझदारी से काम लेगी। क्योंकि किसी भी बुरी स्थिति में घबराकर नहीं, हिम्मत, सूझ-बूझ और धैर्य से ही काम लेना चाहिए। इससे मुसीबत में उबरने का रास्ता मिलता है।'

स्कूल आ गया था। चारू के भीतर की घबराहट अब गायब हो चुकी थी। उसके चेहरे पर मुस्कान थी। *

कविता
हरीश कुमार 'अमित'



## मौसम बारिश का

फिर मौसम बारिश का आया,
रिमझिम देखकर मन हर्षाया।
बारिश की बूंदों ने भर दी,
कैसे सुख से सबकी काया।
टप-टप गिरती बारिश ने कैसा,
मधुर-मधुर संगीत सुनाया।
सड़क पे बहते पानी में मैंने,
कागज की नावों को तैराया।
पापा बोले- तल दो भजिया,
दादा जी ने हलवा बनवाया।
यहां-वहां-जहां भी देखो,
छाता ही छाता लहराया।
मेंढक जी सोते से जागे,
टर्र-टर्र अपना राग सुनाया।
गरमी जी हो गईं छूमंतर,
बारिश जी का जमाना आया।
ओढ़ा दी बारिश ने धरती पर,
हरी-हरी मनमोहक छाया।



## जीके क्विज-161

1. भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट कौन बनी हैं?
2. 29वीं एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में स्वर्ण पदक किसने जीता?
3. भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के नए प्रमुख कौन नियुक्त हुए हैं?
4. प्लासी का युद्ध किस ईस्वी में लड़ा गया था?
5. अर्जेंटीना की राजधानी कहां है?
6. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
7. रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) मापने वाली डिवाइस का नाम क्या है?
8. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
9. विद्युत बल्ब का आविष्कार किसने किया था?
10. दुनिया में कितने महाद्वीप हैं?



**बच्चो, जीके क्विज-161 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-160 का उत्तर :** 1.शुभांशु शुक्ला, 2.भारत और श्रीलंका, 3.भारत, 4.ज्योतिबा फुले, 5.केरल, 6.चंद्रमा, 7.अरुणाचल प्रदेश, 8.शहनाई, 9.मेजर ध्यानचंद, 10.विटामिन सी

**जीके क्विज-160 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ- बिलासपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, रेशमा-राजनांदगांव, रवि-बलौदा बाजार, पल्लवी-महासमुंद, चंचल-ईमेल से, कबीर-हिसार, दुर्गा-सीतापुर, सौम्या-रायपुर, ललित- भोपाल



## रंग भरो 180

बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## रंग भरो-179

**रंग भरो-179** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




अंकित, धमतरी


वसनि, रायपुर


भव्या, बिलासपुर


तन्मय, दुर्ग


डॉली, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, रोहन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा


तेजस, रायपुर

## खबर संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा पर पौधरोपण से मिलता है विशेष पुण्य

**रोहतक।** गुरु के प्रति श्रध्दा, सम्मान व कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है गुरु पूर्णिमा। गुरु देवता तुल्य है जो शिष्य को सानिध्य में आने पर सब कुछ दे देता है। गुरु की तरह वृक्ष भी मानवता को अपना सर्वस्व देते रहते हैं। इसलिए गुरु और प्रकृति के सम्मान को व्यास ऋषि के जन्मदिन के अवसर पर समारोह के रूप में मनाने की सनातन परंपरा है। प्रकृति को ऋषि मुनियों ने सबसे बड़ा गुरु माना है। ये उद्गार जटेला धाम में गुरु पूर्णिमा को साध संगत को संबोधित करते हुए त्रिवेणी संत महंत राजेंद्र दास ने व्यक्त किए

### एमएचएमसीटी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पोर्टल खुले

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय परिसर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में 10+2 के बाद संचालित डिग्री प्रोग्राम बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, बैचलर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट तथा पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड मास्टर्स इन होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल पुनः खोल दिए गए हैं। संस्थान के निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पोर्टल को 21 जुलाई तक खुला रखने की अनुमति प्रदान की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी रिक्त सीटों के विरुद्ध नए आवेदन कर सकते हैं।

### पर्यावरण का संबंध हमारे जीवन से हैः एसडीएम

**सांपला।** गुरुवार को एसडीएम उत्सव आनंद ने तहसील प्रांगण में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि जल, जंगल व जमीन की सुरक्षा पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है। इसलिए अधिक से अधिक पौधरोपण किए जाने की अवश्यकता है। पौधरोपण से मिट्टी का कटाव रूकेगा, भू-गर्भीय जलस्तर ऊपर आएगा। वहीं, भविष्य में लोगों को आर्थिक लाभ भी होगा। एसडीएम उत्सव आनंद ने कहा कि पर्यावरण का संबंध हमारे जीवन से हैं। हमें भी पर्यावरण के लिए कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण काफी जरूरी है। बीजेपी मंडल अध्यक्ष ने कहा कि सभी को पौधरोपण करना चाहिए।

## समाधान शिविर नागरिकों के लिए सिद्ध हो रहे हैं लाभदायक : उपायुक्त

# अफसरों से दिव्यांग ने व्हीलचेयर उपलब्ध करवाने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से दिव्यांग महिला को व्हीलचेयर प्रदान की। समाधान शिविर में आवेदक ने व्हीलचेयर उपलब्ध करवाने की मांग की थी। धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहे है। इन शिविरों में न केवल नागरिकों की शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा किया जा रहा है, बल्कि जरूरतमंद व्यक्तियों को आवश्यक मदद मिल रही है। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने लाभार्थी दिव्यांग महिला को व्हीलचेयर भेंट करते हुए कहा कि जिला प्रशासन का यह लक्ष्य है कि बिना विलंब किए दिव्यांगजन को सहायक उपकरण दिए जाए। सहायक उपकरण से वंचित दिव्यांगजन के लिए भविष्य में जल्दी ही अलिम्को कंपनी के सहयोग से जांच व पंजीकरण शिविर लगाया जाएगा। व्हीलचेयर प्राप्त करने पर हिमांशु ने उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया तथा दिव्यांग हिमांशु के बच्चे भी व्हीलचेयर उपलब्ध होने पर काफी खुश नजर आए। समाधान शिविर में काहनौर निवासी शत-प्रतिशत दिव्यांग विधवा हिमांशु ने अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार से व्हीलचेयर उपलब्ध करवाने की गुहार लगाई थी। उन्होंने कहा था कि वे शारीरिक रूप से दिव्यांग होने के साथ-साथ बीमार भी है। नरेंद्र कुमार के आदेश पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा तुरंत व्हीलचेयर उपलब्ध करवा दी गई। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने नागरिकों की शिकायतें सुनने के दौरान लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रामेंद्र मलिक, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता अरूण मुंजाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुंदर, स्वास्थ्य विभाग के जिला परिवार कल्याण शिक्षा अधिकारी सुरेश भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




### लंबित 126 शिकायतों का अधिकारी तुरंत निपटारा करें

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि संबंधित अधिकारी समाधान शिविर की लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। अब तक जिला में समाधान शिविरों में प्राप्त 6697 शिकायतों में से 4289 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। लंबित 126 शिकायतों का अधिकारी तुरंत निपटारा करें। नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह व जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल के साथ नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने शिकायतों की सुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों के यथाशीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार एक छत के नीचे नागरिकों की हर शिकायत के निदान के उद्धेश्य से हर सप्ताह के सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है।

### लिंगानुपात में सुधार के लिए बढ़ाई जाएगी छापेमारी, डीसी ने जारी किए हैं आदेश

**रोहतक।** जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सहेली के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की निरंतर निगरानी करें ताकि लिंगानुपात में सुधार किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग प्रसव पूर्व लिंग जांच, कन्या भ्रूण हत्या व प्रतिबंधित दवाएं बेचने वालों पर रेड करें। उन्होंने ड्रग्स नियंत्रक को निर्देश दिए कि वे दिल्ली से प्रतिबंधित दवाई सप्लाई करने वालों पर निगरानी बढ़ाएं। धर्मेंद्र सिंह स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कम लिंगानुपात वाले गांवों पर ध्यान केंद्रित किया जाए। एक या दो लड़कियों की माताओं की निगरानी के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियुक्त की गई सहेलियों को गर्भवती महिलाओं की निरंतर निगरानी के निर्देश दिए जाए।




### जीडी गोएनका स्कूल में गुरु पूर्णिमा मनाई

रोहतक। जीडी गोएनका इंटरनेशनल स्कूल में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में टेरेसा वर्ग के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गुरु पूर्णिमा से संबंधित जानकारियां प्रस्तुत कीं। सभा का संचालन सातवीं कक्षा की छात्रा रिशु ने किया। सभा में गुरु पूर्णिमा के महत्व और इससे जुड़ी जानकारियों पर प्रकाश डाला गया। टेरेसा वर्ग के हाउस मास्टर श्याम ने सभा का आयोजन किया। डॉक्टर जतिन ने सभागणों को संबोधित करते हुए बताया कि बौद्ध धर्म में गुरु पूर्णिमा भगवान बुद्ध के पहले प्रवचन के रूप में मनाई जाती है, जो उन्होंने सारनाथ में ज्ञान प्राप्त करने के बाद दिया था। स्कूल की निदेशक सान्या मायना ने कहा कि गुरु पूर्णिमा हमें अपने गुरुओं का सम्मान करने और उनके ज्ञान और मार्गदर्शन का पालन करने का संदेश देती है। स्कूल के निदेशक विक्रांत मायना, सह-निदेशक हिमांशु गुप्ता और प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें आगामी कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।



### रामा आश्रम में गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन

रोहतक। गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर रामा आश्रम, श्रीनगर कालोनी में महन्त बाबा चन्द्रभान महाराज के आशीर्वाद से गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। गुरू वन्दना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर जन गायकों संजय शर्मा, भारत सहगल व बाल व्यास आयुष महाराज ने अपनी मधुर वाणी में भजन प्रस्तुत किए। मंच संचालन सुभाष अनुराग ने किया। गद्दीनशीन सतगुरूदेव महन्त अशोक दास ने गुरू की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गुरू ईश्वर की कृपा से मिलते हैं। गुरू के बिना ईश्वर का अस्तित्व जानना असम्भव है। शिष्य के अज्ञान को जो अपने ज्ञान से दूर करे, वही सच्चा गुरू है। महन्त रामानुज दास ने बड़े ही रोचक ढंग से उपस्थित साध संगत को भजन व प्रसंगों के माध्यम से गुरू महिमा के बारे में बताया। रामा आश्रम, कलानौर, बैंसी, हांसी, रोहतक के प्रधान इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर भक्तों ने श्रद्धा से गुरु की पूजा अर्चना की, माथा टेककर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में वीरवार को आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु और शिष्य के पवित्र रिश्ते का प्रतीक गुरु पूर्णिमा (व्यास पूजा) का पर्व श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास से मनाया गया। इसी दिन महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था तो इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। कार्यक्रम में प्रातः 8:30 बजे ब्रह्मलीन गुरुमां साध्वी गायत्री, गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी, और देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर उज्जवल भविष्य व सुख-समृद्धि की कामनाएं की। गायिका सीमा शर्मा ने रसमयी भजनों का गुणगान किया। पंडित अशोक शर्मा द्वारा आरती की गई और 1 बजे भक्तों ने भंडारे का प्रसाद लिया। कार्यक्रम में गुरु ने भाजपा से आए पूर्व डिप्टी मेयर राजकुमार सहगल, सतेंद्र प्रभारी, अजय बंसल, सत्यनारायण, वार्ड चार परिषद रिंकू नागर, गोकर्ण मंडल अध्यक्ष, उषा शर्मा, वीना सिक्का वह भक्तों को आशीर्वचन दिए। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी। साध्वी मानेश्वरी देवी ने गुरु पूर्णिमा पर प्रवचन देते हुए कहा कि इस दिन गुरु के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त व माता-पिता, शिक्षक और आध्यात्मिक गुरुओं सम्मान होता है।उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में यह मान्यता है कि मनुष्य को अपने जीवन में एक गुरु अवश्य बनाना चाहिए। जिससे उसे गुरु की दीक्षा मिल सके और गुरु द्वारा कहे गए आचरण का पालन कर सके।



# मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए फोर्टिस ने शुरू किया संक्रामक रोग ओपीडी सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फोर्टिस गुरुग्राम ने जेनेसिस सुपरस्पेश्यलिटी अस्पताल में इंफेक्शियस डिजीजेस ओपीडी सेंटर ) शुरू किया है। यह रोहतक समेत आसपास के अन्य इलाकों के मरीजों के लिए हाइ क्वालिटी हेल्थकेयर सेवाएं मुहैया कराएगा। इस अस्पताल में फोर्टिस, गुरुग्राम के जाने माने संक्रामक रोग कंसल्टेंट्स द्वारा मरीजों के लिएसुपर स्पेश्यलिटी कंसल्टेशन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस सेंटर के चलते अब मरीजों को विशेषज्ञ मेडिकल सेवाओं के लिए दूरदराज तक आने-जाने की जरूरत नहीं होगी। रोहतक में इस सुविधा की कमान फोर्टिस गुरुग्राम की जानी मानी संक्रामक रोग कंसल्टेंट डॉ नेहा रस्तोगी पांडा संभाल रही हैं। सेंटर हरियाणा में स्पेश्यलिटी केयर उपलब्ध कराने की फोर्टिस की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। लॉन्च के अवसर पर डॉ नेहा रस्तोगी पांडा, कंसल्टेंट, इंफेक्शियस डिजीजेस, फोर्टिस अस्पताल, गुरुग्राम, डॉ सुहास कीर्ति सिंगला, मेडिकल ओंकोलॉजिस्ट, जेनेसेस सुपरस्पेश्यलिटी अस्पताल और डॉ चारू गुप्ता, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट आदि मौजूद रहे।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते डॉ सुहास कीर्ति सिंगला व डॉ नेहा रस्तोगी पांडा।



**रोहतक।** गुरु पूर्णिमा पर पौधरोपण करते इनरव्हील ब्लूमिंगडेल के पदाधिकारी।

### इनरव्हील क्लब ने गुरु पूर्णिमा पर किया पौधरोपण

रोहतक। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर इनरव्हील ब्लूमिंगडेल ने संत आशाराम आश्रम सेक्टर-2 में अपना पहला सेवा प्रोजेक्ट किया। क्लब ने आश्रम में दो कूलर दान किए और वृक्षारोपण किया। प्रोजेक्ट में काफी संख्या में सदस्य शामिल हुए, समारोह में सभी सदस्यों ने दीपक से बना हुआ सतिये पर दीप प्रजलित कर समारोह का शुभाराम्भ किया और कूलरो का उद्घाटन किया उसके पश्चात सभी सदस्योने आश्रम के प्रांगन में पंद्रह पोधे लगाए। अध्यक्ष सिल्की बंसलने कहा, "गुरु पूर्णिमा पर सेवा करना हमारे प्रयासों को खास बनाता है। इस मौके पर समृद्धि जैन, यशिका जैन, शिम्पी, करीना, कृतिका, मोनिका, प्रियंका, अर्पण, स्वाति, प्रीति, पूजा शर्मा, पूजा बंसल, सिल्की बंसल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा ने प्रदेश भर में गुरु पूर्णिमा पर किया गुरुओं का सम्मान : सतेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा ने गुरुवार को प्रदेश भर में मंडल स्तर पर भव्य कार्यक्रम कर गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का सम्मान किया है। इस अवसर पर पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और प्रमुख नेता ने अलग-अलग स्थानों पर स्थित मंदिर, आश्रम, मठों और गुरुद्वारों समेत प्रमुख धार्मिक स्थानों पर जाकर संत, साधु, महात्माओं और महंतों का आदर सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इसी कड़ी में भाजपा जिला रोहतक प्रभारी सतेंद्र परमार व मनोनीत पार्षद रमेश बोहर ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अस्थल बोहर, रोहतक स्थित बाबा मस्त नाथ मठ के महंत योगी बालक नाथ (विधायक तिजारा, राजस्थान) का सम्मान किया और उनका आशीर्वाद लिया। सतेंद्र परमार ने कहा कि भाजपा में कुछ विधायक व सांसद ऐसे भी है जो खुद ही भी संत, महंत और पीठाधीश्वर हैं। उनमें से एक महंत योगी बालक नाथ भी हैं जो भाजपा के कार्यकर्ता बन एक जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा कर रहे हैं।






### गुरु पूर्णिमा पर गुरु का किया सम्मान

**रोहतक।** गुरु पूर्णिमा पर रुपया चौक श्री हरिहर धाम जय मां गायत्री यज्ञशाला में महंत नरेश पुरी का स्वागत व सम्मान किया गया। साथ ही गुरु पर्व की सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम व सुनारिया सतगावां प्रधान जयकुमार बुधवार ने माला पहनाकर गुरु का सम्मान किया। जय मां गायत्री यज्ञशाला पर समाधान दरबार का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों को गुरु महंत नरेश पुरी ने आशीर्वाद दिया और कहा कि आज के समय में सभ्यता संस्कृति के साथ-साथ श्रद्धा और विश्वास के बलबूते पर भगवान का आशीर्वाद हमें प्राप्त हो जाता है। गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलकर मनुष्य अपना जीवन सफल बना सकता है और कहा कि हमें जंक फूड से दूर रहना चाहिए और अपने बच्चों को हेल्दी खाना खिलाना चाहिए। स्वस्थ जीवन ही सुखी जीवन है। पंडित रवि, पंडित भारत भूषण, भगवान दास शर्मा, रमेश, सुषमा, रीना, राहुल आदि मौजूद रहे।

### गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में महा महोत्सव 12 को

**रोहतक।** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में तालकटोरा स्टेडियम में 12 जुलाई शनिवार को होने वाले महा महोत्सव समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सिविल रोड स्थित निजी होटल में रोहतक समिति के अध्यक्ष गंगा बिशन खड्डी वाले ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में बहुत से सम्मानित नेता, सामाजिक संस्थाएं गुरु को मानने एवं जानने वाले देश विदेश के हजारों भक्तजन शामिल हो रहे है। यह कार्यक्रम विश्व संत सिद्धि सम्राट गुरुवानंद के सानिध्य में सम्पन्न होगा।

**NOTICE**

I, Kartar Singh S/o Sh. Jai Singh R/o V.P.O. Nonand, District Rohtak, Haryana declare that the names of my minor daughter and my wife have been wrongly written as Khushi and Mukesh in my minor daughter namely Khushi Sindhu in her 10th class educational documents. The actual names of my minor daughter and my wife are Khushi Sindhu and Mukesh Kumari respectively which may be amended accordingly.

## सैकड़ों सफाई कर्मचारियों ने जयहिन्द के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

# मांगें न माने जाने पर सफाई कर्मचारियों की सरकार और अफसरों को बड़े स्तर पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम के सैकड़ों कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर वीरवार रंगशाला में एकत्रित हुए। नवीन जयहिन्द के नेतृत्व में सभी कर्मचारी रंगशाला से पैदल चलकर नगर निगम के आयुक्त ऑफिस पहुंचे। भारी पुलिस बल ने सभी को निगम के गेट पर रोक लिया जिसके बाद कर्मचारी वहीं बैठ गए और कुछ समय बाद अंदर जाने दिया। निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा चंडीगढ़ मीटिंग में गए हुए थे तो उनकी जगह संयुक्त आयक्त को सभी कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा।

संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने बताया कि किसी भी कर्मचारी को सरकार द्वारा निर्धारित मिनिमम वेज से कम तनख्वाह नहीं दी जाएगी। जिसमें ड्राइवर की 13,683 व हेल्पर की 11,257 व अन्य सभी इंसेंटिव शामिल है। कर्मचारी रोजगार जाने की चिंता न करें, वर्तमान टेंडर के हिसाब से जिन कर्मचारियों को हटाया गया है उन्हें प्राथमिकता देते हुए तीन महीने बाद या उससे पहले ऑटोमेटिकली दोबारा काम पर रख लिया जाएगा। हमने ठेकेदार को आदेश दिए है कि आप वेतन जल्द से जल्द दें अगर सोमवार तक आप सब का वेतन नहीं आता है तो यहां ऑफिस में आकर मुझे बता सकते हैं। दो दिन पहले देर शाम को नवीन जयहिन्द व सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल को निगम आयुक्त ने अपने ऑफिस पर बुलाकर मीटिंग की थी। जिसमें आयुक्त ने भी कुछ मांगो पर बड़ी सहमति जताई थी और आज उनकी अनुपस्थिति में अधिकारी ने वही बाते सभी कर्मचारियों के सामने रखी। नवीन ने कहा कि निगम के कर्मचारी पिछले 10 सालों से डोर टू डोर सफाई का काम कर रहे हैं। इनको बार–बार ठेके का हवाला दे दिया जाता जबकि हमारे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी खुद ठेकेदार प्रथा खत्म करके हरियाणा कौशल रोजगार निगम लागू करने की बात कहते है। अगर ठेका प्रथा ऐसे ही चलती रहेगी तो हम इस प्रथा के खिलाफ खड़े है। क्योंकि ठेका प्रथा द्वारा इन कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है।



**रोहतक।** प्रदर्शन करते नवीन जयहिन्द व नगर निगम के कर्मचारी।

### मुख्य मंत्री तक समस्याएं पहुंचाएंगे

जयहिन्द का कहना है कि अगर आयुक्त व अधिकारी अपनी बातों पर रहेंगे तो अच्छा है वरना हमें दोबारा यहां आना पड़ेगा। साथ ही जय जयहिन्द ने सफाई कर्मचारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि सभी कर्मचारी मन लगाकर अपना काम करें कहीं कोई कमी न छोड़े, अगर अधिकारी आपकी बात नहीं सुनेंगे तो मैं आपके साथ सड़क पर उतरने के लिए तैयार हूं। एचकेआरएन में शामिल करने की तो आयुक्त पहले भी कह चुके है कि हम सिर्फ एक प्रपोजल बनाकर सरकार को दे सकते हैं। एचकेआरएन के लिए जब भी मुख्यमंत्री रोहतक आयेंगे तो हम उनके पास जाएंगे और अपनी समस्या उनको बताएंगे।

# गुरुकुल विश्वभारती में हर्षोल्लास से मनाई गई गुरु पूर्णिमा

**रोहतक।** लाढ़ौत रोड स्थित गुरुकुल विश्वभारती में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुकुल के निदेशक आचार्य नंदकिशोर ने विद्यार्थियों को गुरु के महत्व के बारे में बताया और उन्हें भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को संजोकर रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिसमें भजन, कविता एवं भाषण शामिल थे। विद्यार्थियों ने गुरुओं का सम्मान किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य नंदकिशोर ने अपने संबोधन में कहा गुरु का स्थान हमारे जीवन में सर्वोपरि है। गुरु ही हमें सही मार्ग दिखाते हैं और हमारे व्यक्तित्व को संवारते हैं। उन्होंने आगे कहा आज के समय में जब पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव बढ़ रहा है, ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी संस्कृति, संस्कार और मूल्यों को बनाए रखें। यही हमारी असली पहचान है। इस अवसर पर गुरुकुल निदेशक आचार्य नंद किशोर, प्राचार्य संजय कौशिक सहित समस्त शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को गुरु के महत्व के बारे में बताया और उन्हें भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को संजोकर रखने का संदेश दिया

पेशाब
की समस्याओं का स्थाई इलाज
- बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
- पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
- गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
- गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।

डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव

परामर्श निःशुल्क (Free OPD)

समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा

कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें:
85709-15000

अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Gali No. 3, Rishi Nagar, Hisar

## सीसर खास और भैणी सुरजन गांव के ग्रामीण एसडीएम से मिलने पहुंचे

# महम के कई गांवों में तालाब ओवरफ्लो गलियों में भरा पानी, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

महम उपमंडल के कई गांवों में अधिक बारिश होने की वजह से तालाब ऑवर फ्लो हो गए हैं। बरसाती पानी की निकासी न होने से पानी गलियों में जमा हो गया है। गलियों में पानी जमा हो जाने की वजह से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाहरी बस्तियों में रहने वाले लोगों के घरों के आगे पीछे पानी जमा हो जाने से मकान गिरने का खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा बरसाती पानी निकासी के इंतजाम नहीं किए गए हैं, जिस वजह से लोगों को बीमारी फैलने की भी चिंता सताने लगी है। पानी निकासी की मांग को लेकर लोग लघुसचिवालय में एसडीएम मुकुंद से मिलने पहुंच रहे हैं। वीरवार को भैणी सुरजन और सीसर खास गांव के लोग एसडीएम से मिलने पहुंचे और गांव से बरसाती पानी की निकासी किए जाने की मांग की। इसी तरह भैणीचंद्रपाल गांव की गलियों में पानी जमा हो गया है। सीसर खास गांव में महम की ओर से गोगापीर मंदिर के पास से गांव में जाने वाले मुख्य मार्ग पर काफी मात्रा में पानी जमा हो गया है। गांववासी पवन कुमार ने बताया कि गांव के लोगों को पानी के बीच से गुजरकर घर जाना पड़ रहा है। पास में ही तालाब है, जिसकी क्षमता ज्यादा पानी रोकने की नहीं है। ग्रामीणों ने शीघ्र पाइप के जरिए पानी निकासी की मांग की है। सैमाण गांव के खेतों में अधिक पानी जमा हो जाने से फसलें बर्बाद हो जाने का खतरा बना हुआ है।




महम। पानी निकासी की मांग को लेकर एसडीएम से मिलने पहुंचे भैणीसुरजन गांव के ग्रामीण व सीसर खास गांव की मुख्य गली में जमा पानी। फोटो : हरिभूमि



वकीलों के चैंबरों के बाहर जमा बरसाती पानी



गवर्नमेंट कॉलेज के गेट के सामने जमा पानी

### महम में वकीलों के चैंबरों में और गर्वनमेंट कॉलेज में प्रवेश करना हुआ मुश्किल

बारिश के पानी की उचित निकासी व्यवस्था न होने की वजह से महम के वकीलों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। थोड़ी सी बारिश होते ही अदालत परिसर के पास पुरानी तहसील परिसर में बनाए गए वकीलों के चैंबरों के आगे बरसात का पानी जमा हो जाता है। पानी इतना ज्यादा भर जाता है कि वकीलों को अपने चैंबरों में आने और जाने में काफी परेशानी होती है। यहां पर खड़े वाहनों के टायर भी पानी में डूब जाते हैं और वाहन चालकों को भी ज्यादा दिक्कत हो रही है। बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान रोहतास राठी, वेदप्रकाश अहलावत व अशोक सिवाच ने बताया कि यहां पर एक सीवर का ढक्कन भी टूटा पड़ा है। उसे भी नहीं ढंका जा रहा और न ही यहां पीडब्ल्यूडी विभाग पानी निकासी की उचित व्यवस्था बना रहा। इसी प्रकार राजकीय महाविद्यालय महम के गेट के सामने शहर का बरसाती पानी जमा हो जाता है। कम बारिश में भी जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा बिछाई गई सीवर लाइन यहां पर ऊफनने लगती है। जिस वजह से बरसात के दिनों में कॉलेज में विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को आवागमन में परेशानी होती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ है। कॉलेज के गेट पर पानी जमा हो गया है। वकीलों ने कोर्ट परिसर से और प्रिंसिपल ने कॉलेज के गेट पर जमा पानी की निकासी किए जाने की मांग जिला उपायुक्त से की है।

## गांव सुनारियां कलां: यहा शवयात्रा को भी दूषित पानी से गुजरना पड़ता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




गांव सुनारिया कलां (वार्ड 22) के निवासी इन दिनों गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। गांव की मुख्य गली में लंबे समय से भरा गंदा पानी अब एक बड़ी परेशानी का कारण बन चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि शवयात्रा भी इसी गंदे पानी के बीच से होकर निकालनी पड़ रही हैं, जो अत्यंत पीड़ादायक और असम्मानजनक स्थिति है।

■ मुख्य गली में लंबे समय से भरा दूषित पानी, ग्रामीण परेशान

स्थानीय निवासी संगीता ने बताया कि इस समस्या को हल करने के लिए 21 मार्च 2025 को नाले के निर्माण के लिए टेंडर जारी किया गया था, लेकिन हैरानी की बात है कि आज तक कोई भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस लापरवाही के कारण ना केवल गांव की सड़कों पर गंदगी फैली हुई है, बल्कि इससे संक्रमण और विभिन्न बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। गंदा पानी महीनों से एक ही जगह जमा है, जिससे वातावरण में बदबू फैल रही है और लोगों को दिन-रात परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि बारिश का पानी भी उसी गंदगी में मिलकर कीचड़ और दुर्गंध को और बढ़ा देता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अंतिम यात्रा के समय भी ग्रामीणों को शव लेकर उसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं और यह एक सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण से भी बेहद दुखद स्थिति है। नगर निगम पार्षद इस समस्या को लेकर बिल्कुल भी सक्रिय नहीं हैं। गांववासियों द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्षद और संबंधित अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण गांव के लोग दिन-प्रतिदिन परेशानी झेलने को मजबूर हैं।


### जल्द करेंगे विरोध प्रदर्शन

गांव के अन्य लोगों का भी कहना है कि यदि यह स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो वे विरोध प्रदर्शन और प्रशासनिक कार्यालयों के घेराव जैसा कदम उठाने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अगर अब भी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यह न केवल जन स्वास्थ्य के लिए खतरा बनेगा, बल्कि इससे लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास भी टूटेगा।

### प्रशासन जल्द उठाए आवश्यक कदम

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए जाएं और गली में जल निकासी की व्यवस्था को सुधारते हुए नाले के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराया जाए। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि प्रशासन अंतिम यात्रा जैसे भावनात्मक और पवित्र आयोजनों को सम्मानजनक ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए, ताकि भविष्य में किसी भी परिवार को अपमानजनक स्थिति का सामना न करना पड़े।

## सराय अहमद में 10 एकड़ में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों में तोड़-फोड़



■ इंटरलॉक टाइल रोड नेटवर्क व सीवरेज लाइन को किया गया ध्वस्त



**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा जिला के नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण/कॉलोनियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला के गांव सराय अहमद में 10.20 एकड़ में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनी में इंटरलॉक टाइल रोड़ नेटवर्क व सीवरेज लाइन को ध्वस्त किया गया। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा तथा जिला में अवैध कॉलोनी/निर्माण को पनपने नहीं दिया जाएगा। आज इस अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय तथा नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। उन्होंने कहा कि नागरिक अपने जीवन की जमा पूंजी को अवैध कालोनी/निर्माण में निवेश न करें। ऐसी कालोनियों व निर्माण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर/भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जायेगी। उन्होंने कहा है कि आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते है।

## इंडस पब्लिक स्कूल में गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार वशिष्ठ ने गुरु वेद व्यास की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर सभी अध्यापकों व छात्रों ने भी मंत्र उच्चारण के साथ पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात गायत्री मंत्र से प्रार्थना सभा प्रारम्भ हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने आज का विचार, शब्द, समाचार, कविता, भाषण व नृत्य की प्रस्तुति दी। छात्र-छात्राओं द्वारा 'सारे तीर्थ धाम आपके चरणों में' भजन की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय हो गया। कक्षा दसवीं से छात्रा मानसी ने सुंदर कविता सुनाई। कक्षा 8वीं की छात्रा एकांशी ने गुरुओं की महिमा से संबंधित श्लोक अर्थ सहित प्रस्तुत किए। कक्षा 9वीं की छात्रा यतिका ने नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति द्वारा खूब तालियां बटोरी।



विद्यालय की चेयरपर्सन एकता सिधु ने अपने संदेश में सभी विद्यार्थियों को गुरूपूर्णिमा की शुभ कामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए। गुरुओं के मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता अर्जित करते हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि गुरुओं के प्रति समर्पण का भाव रखकर ही हम सीख सकते हैं बहुत ही प्रेरणादायक प्रसंग सुनाकर उन्होंने विद्यार्थियों को गुरुओं के सम्मान के लिए प्रेरित किया और कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हमारे देश में गुरुपूर्णिमा जैसे पर्व भी मनाए जाते हैं।

## रोटरी क्लब ऑफ रोहतक नेक्स्ट छांव और सहयोग की ओर एक कदम

**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक नेक्स्ट ने 50 बड़ी छतरियां सड़क विक्रेताओं को वितरित कीं, जिससे उन्हें धूप और बारिश से राहत मिल सके। यह छोटा सा लेकिन प्रभावशाली प्रयास उन लोगों के प्रति हमारी सहानुभूति और सम्मान दर्शाता है, जो खुले आसमान के नीचे कड़ी मेहनत कर अपने परिवार का पेट पालते हैं। इस पहल के माध्यम से, हमने एक बार फिर सामुदायिक कल्याण और श्रम की गरिमा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन साहिल अरोड़ा के साथ इस परियोजना में अपनी उपस्थिति से इसे और भी खास बनाने वाले सभी रोटेरियंस का धन्यवाद किया। जिनमें कशिश बंसल, करण मखीजा, कृतिका डावरा, सिल्की बंसल, सौम्या ग्रोवर, स्वाति जुनेजा, मानसी अरोड़ा, सचिन पाहवा, सुमित अरोड़ा, रजत बक्शी, हिमांशु कत्याल, माहि चुघ, कृतिका कटारिया, पूजा बंसल, साहिल कटारिया, करीना अरोड़ा इस अवसर पर मौजूद रहे।

## युवक पर जानलेवा हमले के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस ने रैनकपुरा निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि रैनकपुरा निवासी प्रवीण की शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि प्रवीन पुरानी गाड़ियों के सेल परचेज की काम करता है। हैफेड चौक के पास प्रवीण ने ऑफिस कर रखा है। करीब एक माह पहले रैनकपुरा में गाड़ी हटाने को लेकर मोनू के साथ कहासुनी हुई थी। 16 मई को जब प्रवीण व उसका दोस्त प्रवीण ऑफिस से बाहर आए तो ऑफिस के बाहर 2 गाडियों में करीब 8-10 लड़के आए। मोंटी ने अपने हाथ में लिया हुआ डंडा प्रवीण के सर पर मारा। डंडा लगने के बाद प्रवीण गिर गया। मोनू ने प्रवीण पर गोली चला दी। प्रवीण अपने बचाव में ऑफिस के अंदर चला गया व बेहोश हो गया। जांच के दौरान 8 जुलाई को आरोपी सचिन निवासी कच्चा चमारिया रोड, विकास निवासी गुढान, दिनेश निवासी सिकंदरपुर हाल राजेंद्रा कॉलोनी भिवानी चुंगी रोहतक व सुनील निवासी रिठाल को जींद बाईपास के नजदीक से गिरफ्तार किया गया है। वारदात में 8 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त 2 गाड़ी और अवैध हथियार बरामद हो चुके है।

## करसोला माइनर से अज्ञात युवती का शव बरामद

**महम।** महम पुलिस ने फरमाणा गांव के पास से गुजरने वाली करसोला माइनर में एक अज्ञात युवती का शव बरामद किया है। वीरवार सुबह करसोला माइनर में किसी ने एक शव तैरता हुआ दिखाई दिए। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही महम पुलिस और फोरेंसिक साइंस लैब से एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को माइनर से बाहर निकलवाया। युवती की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। युवती की उम्र लगभग 20-25 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और पहचान के लिए व पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए शव को डैड हाऊस में रखवा दिया है। मौके से एफएसएल टीम ने घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। महम पुलिस अब आसपास के जिलों और थानों में दर्ज लापता लड़कियों के मामलों की जानकारी जुटा रही है ताकि शव की शिनाख्त हो सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवती की मौत के कारणों और परिस्थितियों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जाँच कर रही है, जिसमें हत्या की आशंका भी शामिल है।

## बीपीएल कार्ड था भाजपा का चुनावी एजेंडा : मोखरा

**रोहतक।** जेजेपी जिला रोहतक प्रभारी हरज्ञान मोखरा एवं जिलाध्यक्ष रोहतक डॉ संदीप हुड्डा ने कहा कि बीपीएल कार्ड धारकों, मध्यमवर्गीय परिवारों और किसान, कमेरों को प्रताड़ित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीपीएल कार्ड भाजपा का चुनावी एजेंडा था। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा ने वोट लेने के लिए एक लाख 80 हजार रुपए से कम आय वाले परिवारों के नए बीपीएल कार्ड बनाए और वोट लेने के बाद अब इन परिवारों को बीपीएल श्रेणी से हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार के पास ऐसी कौन सी जादू की छड़ी है, जिससे आठ महीने में ही बीपीएल में शामिल छह लाख 36 हजार गरीब परिवारों को अमीर बना दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक लाभ के लिए बिना उचित सत्यापन के बड़ी संख्या में बीपीएल और एएवाई राशन कार्ड जारी करने काम किया। जेजेपी जिलाध्यक्ष रोहतक डॉ संदीप हुड्डा ने कहा कि आज भाजपा सरकार प्रदेश के लोगों के साथ धोखा कर रही है और सरकार से हर वर्ग दुखी है। हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवारों को मिलने वाले सरसों के तेल की कीमत में ढाई गुना वृद्धि करके गरीब परिवारों को महंगाई का बड़ा झटका दिया है क्योंकि 40 रुपये में मिलने वाला दो लीटर तेल अब 100 रुपये में मिलेगा। बिजली की दरों को बढ़ाकर सरकार ने आम गरीब आदमी के लिए मुश्किल पैदा कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |


+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## जिले के तीन स्कूलों का एचसीएस अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

# बच्चों के सपनों को अपने सपनों की तरह संजोना प्रत्येक शिक्षक का कर्तव्य: चौहान

■ कहा, विद्यालयों में बनाई गई प्रयोगशालाओं को विद्यार्थियों के हित में किया जाए प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय में कार्यरत एचसीएस अधिकारी हिमांशु चौहान ने जिला के तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय गांधी नगर स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भिवानी रोड स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व जिला के गांव डोभ स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भाषा प्रयोगशाला, आईसीटी/कम्प्यूटर प्रयोगशाला व विद्यालय भवनों का निरीक्षण किया। हिमांशु चौहान ने विद्यार्थियों से संबंधित विषयों के बारे में संवाद किया। उन्होंने अध्यापकों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में बनाई गई प्रयोगशालाओं का नियमित रूप से विद्यार्थियों के हित में प्रयोग किया जाए। यह निरीक्षण प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के निर्देशानुसार किया गया।

हिमांशु चौहान ने कक्षाओं में जाकर डिजिटल बोर्ड के प्रयोग की भी जांच की एवं अध्यापकों को डिजिटल बोर्ड के ज्यादा से ज्यादा प्रयोग बारे आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। हिमांशु चौहान ने निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं भी जानी गई। उन्होंने अध्यापकों निर्देश दिए कि हरेक पंद्रह दिनों में विद्यालय स्तर पर कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया जाए ताकि विद्यार्थियों को उनकी रुचि एवं क्षमता के आधार पर उनके भविष्य को सही रूप बनाने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसे पढ़ाया जाए जैसे कि वे अपने स्वयं के बच्चे हों, देश के भविष्य निर्माता हों और हमें उनके सपनों को अपने सपनों की तरह संजोना है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को खंड स्तर एवं जिला स्तर पर प्रत्येक विद्यालय समूहों द्वारा प्रत्येक माह एक बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए। जिला के प्रत्येक विद्यालयों में केवल सरकार द्वारा निर्धारित एनसीईआरटी/एससीईआरटी की किताबों का प्रयोग किया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिला की सभी आईसीटी/भाषा प्रयोगशाला में यदि किसी भी प्रकार की कमी है तो उसकी संबंधित रिपोर्ट निदेशालय को भेजी जाए। उन्होंने सभी विद्यालयों के सफाई व्यवस्था भी जांची। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह भी मौजूद रहे।